द्वारा ई–मेल/सीसीटीएनएस/अति महत्वपूर्ण

# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

**पत्रांक–टीएस–सीसीटीएनएस–13/2011** **दिनांक:लखनऊ:सितम्बर 11, 2018**

**सेवा में,**

1. समस्त अपर पुलिस महानिदेशक जोन, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र उत्तर प्रदेश।
3. पुलिस महानिदेशक/ अपर पुलिस महानिदेशक/ प्रभारी प्रशिक्षण, प्रशिक्षण संस्थान, डा0भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद, पी0टी0सी0 मुरादाबाद, सीतापुर, ए0टी0सी0 सीतापुर, पी0टी0एस0 मेरठ, गोरखपुर, मुरादाबाद, उन्नाव, पी0टी0एस0 मुरादाबाद, उन्नाव, आर0टी0सी0 चुनार, पुलिस अधीक्षक,पी0टी0एस0 मेरठ।
4. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद, उत्तर प्रदेश।
5. पुलिस अधीक्षक, रेलवे, लखनऊ, इलाहाबाद, मुरादाबाद।
6. पुलिस अधीक्षक, एस0सी0आर0बी0, लखनऊ।
7. समस्त जोन कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
8. समस्त परिक्षेत्र कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
9. समस्त जनपद कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।

**विषयः–सीसीटीएनएस विभिन्न पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र (डी0टी0सी0) में दिनांक 01.01.2017 से 31.08.2018 तक निम्न प्रारूप में प्रशिक्षित अधिकारियों/कार्मिकों का संख्यात्मक विवरण उपलब्ध कराये जाने विषयक।**

ज्ञातव्य हो कि इस मुख्यालय के पत्र संख्याःटीएससी–92/2009 दिनांक:फरवरी 11, 2011 के द्वारा सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 72 जनपदों (हापुड़/सम्भल/शामली को छोड़ कर), जी0आर0पी0 के 3 अनुभागों एवं विभिन्न पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र (डी0टी0सी0) की स्थापना की गयी है। जनपद हापुड़/सम्भल/शामली को पूर्व निर्देशित प्रशिक्षण संस्थान के साथ सम्बद्व किया गया है। स्थापित कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र (डी0टी0सी0) निम्नवत हैः–

| श्रेणी | संख्या | क्षमता | जनपदों के नाम |
|---|---|---|---|
| $A^+$ | 04 | 20सीटर | कानपुर नगर, आगरा, इलाहाबाद, लखनऊ |
| A | 11 | 15सीटर | बरेली, मेरठ, मु0नगर, मुरादाबाद, गारेखपुर, बनारस, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, अलीगढ, गौतमबुध्दनगर, झॉसी |
| B | 44 | 09सीटर | जौनपुर, सहारनपुर, सुल्तानपुर, बलरामपुर, सीतापुर, आजमगढ, गाजीपुर, हरदोई, बदायॅू, शाहजहॉपुर, बांराबंकी, बलिया, रायबरेली, खीरी, बिजनौर, बहराइच, प्रतापगढ, इटावा, फतेहपुर, फिरोजाबाद, मथुरा, सिध्दार्थनगर, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | देवरिया, एटा, फैजाबाद, जालौन, उन्नाव, अम्बेडकरनगर, बॉदा, कुशीनगर, महाराजगंज, गोण्डा, बस्ती,सोनभद्र, चन्दौली, ललितपुर,मिर्जापुर, रामपुर, रामाबाई नगर, हमीरपुर, फतेहगढ, मैनपुरी, पीलीभीत, छत्रपति साहू जी महाराजनगर |
| C | 13 | 08सीटर | कौशाम्बी, मऊ, ज्योतिबाफूलेनगर, औरैया, हाथरस, बागपत, काशीरामनगर, चित्रकूट, कन्नौज, महोबा, सन्तरविदासनगर, सन्तकबीरनगर, श्रावस्ती |
| **योग** | **72** | | |

उक्त के अतिरिक्त निम्नलिखित प्रशिक्षण संस्थानों में भी सीसीटीएनएस योजना से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न किया जाना है।

| **संस्थान** | **संख्या** | **क्षमता** | **अनुभाग / जनपद** |
|---|---|---|---|
| GRP | 03 | 10सीटर | मुरादाबाद, इलाहाबाद, लखनऊ |
| RTC | 01 | 15सीटर | चुनार |
| PTC | 02 | 15सीटर | मुरादाबाद, सीतापुर |
| PTS | 04 | 15सीटर | मेरठ, गोरखपुर, मुरादाबाद, उन्नाव |
| ATC | 01 | 15सीटर | सीतापुर |
| Police Academy | 01 | 25सीटर | मुरादाबाद |
| RPCTC | 01 | 45सीटर | कम्प्यूटर केन्द्र लखनऊ |
| SCRB | 01 | 15सीटर | लखनऊ |
| **योग** | **14** | | |

2. उपरोक्त विभिन्न पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र (डी0टी0सी0) में जनपदों के नियुक्त अन्य अप्रशिक्षित अथवा अकुशल कर्मियों को चिन्हित कर T.O.T (ट्रेनिंग आफ ट्रेनर्स) प्रशिक्षण प्राप्त कर्मियों से प्रशिक्षण दिलाकर इस मुख्यालय के पूर्व निर्देश के कम में मानकों (प्रत्येक थाने पर कम से कम 01 सीसीटीएनएस प्रशिक्षित कर्मी) को बनाये रखने के पूर्व निर्देश के अतिरिक्त प्रदेश पुलिस में सीसीटीएनएस की उपयोगिता हेतु शत्–प्रतिश्त कार्मिकों को प्रशिक्षित किये जाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास जारी रखा जाय।

3. उपरोक्त कम में जनपद स्तर पर गठित किये गये विभिन्न पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र (डी0टी0सी0) में दिनांक 01.01.2017 से 31.08.2018 तक निम्न प्रारूप में प्रशिक्षित अधिकारियों / कार्मिकों का संख्यात्मक विवरण उपलब्ध कराने का कष्ट करें:–

| क्र0सं0 | परिक्षेत्र का नाम | जनपद का नाम | पुलिस उपाधीक्षक एवं उनसे उच्च अधिकारियों की संख्या | उ0 निरिक्षक की संख्या | एच0सी0पी0 की संख्या | मुख्य आरक्षी की संख्या | आरक्षी की संख्या | अन्य पदाधिकारी को प्रदान किये गये प्रशिक्षण संख्या | अन्य टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |

**4.** उपरोक्त अपेक्षित निर्धारित प्रारूप में सूचना जनपद कोर्डिनेटर (कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए) **Microsoft Excel** फार्मेट में तैयार कर **Email ID-** tshq@nic.in पर **SUBJECT** -" विभिन्न पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र (डी0टी0सी0) में दिनांक 1.1.2017 से 31.08.2018 तक" में ही अंकित करते हुए **Microsoft Excel** फार्मेट में इस मुख्यालय को 01 सप्ताह के अन्दर में प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

11.09.18

( नवीन कुमार सिंह )
पुलिस उपाधीक्षक
निमित्त अपर पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ

प्रतिलिपि–

1. श्री राजेन्द्र शर्मा, प्रोग्रामर ग्रेड–2, प्रभारी सीसीटीएनएस उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रकरण में सूचना हेतु समन्वय कर सूचना प्राप्त किये जाने व प्राप्त सूचना को सीसीटीएनएस में नियुक्त कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) के माध्यम से संकलित कर पूर्ण सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रेषित।
2. प्रभारी प्रशिक्षण उ0 प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ उपरोक्त वॉछित सूचना निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. श्री दिग्विजय, कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए), उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि समस्त कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए को क्यूमेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने व अभिलेखार्थ रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने हेतु।
4. प्रभारी ईमेल को पत्र मेल/वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।